BECC-132

# कला स्नातक कार्यक्रम
# (बी.ए.सामान्य)
# (BAG)

## सत्रीय कार्य 2022–23

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–132

पाठ्यक्रम शीर्षक : व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत-II


सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# बीईसीसी-132 : व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत–II

प्रिय अध्येता,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम-निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता हैः (i) सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का भार 30% तथा सत्रांत परीक्षा का भार 70% होता है। आपको 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 3 तथा 4 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य करने हैं।

इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में आपके कोर पाठ्यक्रम **बी.ई.सी.सी.-132: व्यष्टि अर्थशास्त्र-II** का शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है– यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में 3 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य हैं जिनके अंकों का योगफल 100 है और भार 30% है।

सत्रीय कार्य-I में विस्तारपूर्ण प्रश्न (DCQs) हैं। इनमें आपको निबंधात्मक उत्तर लिखने हैं जिनमें प्रस्तावना और निष्कर्ष भी होते हैं। इनका लक्ष्य आपकी विषयवस्तु को ठीक से समझ उसे भली प्रकार सुस्पष्ट रूप से व्यक्त करने की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्य स्तर वर्ग (MCQs) के प्रश्न हैं। यहाँ आपकी विषय की तर्कों के अनुसार व्याख्या करते हुए संगठित उत्तर लिखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, आपकी विभिन्न संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं में भेद एवं तुलना कर पाने की क्षमता का यहाँ आंकलन किया जाएगा।

सत्रीय कार्य–III में, संक्षिप्त उत्तर वर्ग (SCQs) के प्रश्न हैं। ये प्रश्न आप व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं या संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं का पुनःस्मरण कर संबद्ध जानकारी को संक्षेप में व्यक्त करने की क्षमता का विकास करेंगे।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे।

**ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास निम्नलिखित समय सीमा के अंदर जमा करा देने चाहिए।**

**i) जुलाई 2022 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2023 है।**

**ii) जनवरी 2023 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर 2023 है।**

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी करा रखें।

अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक अध्येता मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे?

हम आशा करते हैं कि आप सभी प्रश्न सत्रीय कार्यों में उनके लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार हल करेंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन :** प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन :** अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।
   सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :
   (क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;
   (ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और
   (ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति :** जब आप स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम साफ-साफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

# बीईसीसी-132 : व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत–II
# शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठयक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.-132
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी. / टी.एम.ए. / 2022-23
**कुल अंक : 100**

## सत्रीय कार्य–1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर (प्रत्येक का) लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। 2x20=40**

1. (क) सार्वजनिक एकाधिकारी द्वारा MC/AC के रूप में कीमत निर्धारण द्वारा अभिव्यक्त कीमत नियमन के उपभोक्ता कल्याण पर निहितार्थों की विवेचना करें। **(8)**

   (ख) कोई एकाधिकारी फर्म X वस्तु का उत्पादन करती है। इस फर्म की स्थिर लागत रु.100 है। फर्म की कुल लागत X की प्रत्येक अतिरिक्त इकाई के उत्पादन करने पर रु.10 बढ़ जाती है। X वस्तु का व्युत्क्रम माँग वक्र इस प्रकार दिया है : $P(X) = 200 - X$ जहां P वस्तु की कीमत है।

   (i) ऐसा समीकरण बनाएं जहां फर्म की कुल लागत X के फलन के रूप में व्यक्त हो। **(2)**

   (ii) वस्तु X की संतुलन स्तर पर उत्पादन मात्रा कितनी होगी? **(5)**

   (iii) संतुलित उत्पादन मात्रा कितनी होगी यदि फर्म पूर्ण प्रतिस्पर्धी है? **(5)**

2. (क) अल्पाधिकारी बाज़ार संरचना की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए। उन कारणों को बतायें जिनके फलस्वरूप इस प्रकार के बाज़ार संरचना का उदय होता है। **(10)**

   (ख) पॉल स्वीजी द्वारा प्रदत्त किनकी माँग वक्र सिद्धांत से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें–

   (i) अल्पाधिकारी का माँग वक्र झुकाव से ऊपर अधिक लोचदार तथा झुकाव से नीचे कम लोचदार क्यों होता है? **(5)**

   (ii) इस प्रतिमान (model) के सीमांत आगम वक्र की आकृति पर टिप्पणी करें। **(5)**

## सत्रीय कार्य–2

**निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग (प्रत्येक का) 250 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का हैं। 3x10=30**

3. किसी वस्तु के उत्पादन में किसी देश को तुलनात्मक लाभ हो सकता है भले ही उस वस्तु के उत्पादन करते समय निरपेक्ष रूप से कम दक्ष हो। क्या आप इससे सहमत हैं? उदाहरण देते हुए व्याख्या करें। **(10)**

4. क) लगान की अवधारणा के संबंध में मार्शल एवं रिकार्डो के विचारों का तुलनात्मक अध्ययन करें। **(4)**

   ख) पार्श्वगामी श्रम आपूर्ति वक्र की रचना करें। व्याख्या करें क्यों यह वक्र पार्श्वगामी होता है? **(6)**

5. उपयुक्त रेखाचित्र का प्रयोग कर उन दो उत्पादन स्तर के बीच तुलना करें जहाँ (i) एक उत्पादन स्तर सकारात्मक बाह्यताओं से संयुक्त है, (ii) दूसरा उत्पादन स्तर नकारात्मक बाह्यताओं से जुड़ा है। इस प्रकार के परिणामी अदक्ष उत्पादन स्तर को कैसे ठीक किया जा सकता है? **(10)**

## सत्रीय कार्य–3

**निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर (प्रयेक का) लगभग 100 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।** **5x6=30**

6. एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता के अंतर्गत दीर्घकालीन संतुलन से जुड़ी अतिरिक्त क्षमता के सिद्धांत की विवेचना करें।

7. जब श्रम बाज़ार अपूर्ण प्रतियोगी है तो संतुलन की स्थिति को किस प्रकार प्राप्त किया जाता है?

8. उत्पादक संघ (cartel) क्या है? उत्पाद संघ की स्थिरता पर टिप्पणी करें।

9. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के प्रमुख समझौते क्या हैं?

10. एकाधिकार एवं एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता के अंतर्गत माँग वक्रों की लोचों के बीच समानताएं एवं भेद के बीच तुलना करें।